# आदेश बेअसर : अघोषित बस स्टैण्ड बना शहर

## कलेक्टर के आदेश और जिला परिवहन अधिकारी सहित यातायात थाना प्रभारी के निर्देश का नहीङ्ग हो रहा

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 जून। शहर अघोषित बस स्टैण्ड बना है। कलेक्टर के आदेश और जिला परिवहन अधिकारी सहित यातायात थाना प्रभारी के निर्देश का पालन नहीं हो रहा है।**

बताते चलें कि शहर का सम्राट चौक लम्बे अर्से से कार्यवाही के बाद भी अघोषित बस स्टैण्ड बना है। कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा विगत 20 अप्रैल 2026 को नवीन व पुराने बस स्टैण्ड का भ्रमण किया गया। उक्त भ्रमण के दौरान बस स्टैण्ड के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न दिशा निर्देश प्रदान किये गये। इसी तारतम्य में जिला परिवहन कार्यालय सीधी ने 21 अप्रैल 2026 को समस्त बस संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बस संचालकों को निर्देश दिये गये थे कि बस स्टैण्ड से बस निकलने के बाद शहर में जगह-जगह नहीं खड़ी होगी। क्योंकि इससे जाम की स्थिति निर्मित होती है, खासतौर से सम्राट चौराहे में बस का अवैध स्टापेज बनाने से मना किया गया था।



### शहर के सिविल लाइन मार्ग में खड़ी होती हैं बसें

शहर के सम्राट चौराहा सहित मुख्य मार्ग से सिविल लाइन मार्ग में डॉ.एस.बी.खरे सिविल सर्जन के बंगले की ओर जाने वाले मार्ग में अक्सर बसें खड़ी रहती हैं। उक्त मार्ग को अवैध रूप से कुछ बस संचालकों द्वारा अघोषित बस स्टैण्ड बना लिया गया है।

### ठोस एवं सख्त कार्यवाही की दरकार

सम्राट चौक एवं इससे सम्बद्ध सिविल सर्जन के बंगले की ओर जाने वाले मार्ग में मनमानी तौर पर खड़ी होने वाली बसों पर सख्त कार्यवाही की जरूरत है। जिला परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की ओर से बीच-बीच में कुछ बसों पर चालानी कार्यवाही की जाती है किन्तु इसका असर नहीं है।

### कार्यवाही के बाद भी नहीं हो रहा सुधार

सम्राट चौक को अघोषित बस स्टैण्ड बनाकर यहां यात्रियों का चढ़ाने एवं उतारने के लिये खड़ी होने वाली बसों के ऊपर कई बार चालानी कार्यवाही हो चुकी है। फिर भी उक्त कार्यवाही का असर नजर नहीं आ रहा है। अब भी बसें सम्राट चौक एवं उससे लगे मार्गों में खड़ी हो रहीं हैं।

### इनका कहना है

सम्राट चौक में कल ही आधा दर्जन बसों की चालानी कार्यवाही आरटीओ के निर्देशन में की गई है। यदि बस संचालकों की मनमानी फिर भी बनी हुई है तो आगे भी कार्यवाही चलती रहेगी।

**भूपेश बैस, थाना प्रभारी यातायात**

# बच्चों का पोषण ही विकसित भारत की मजबूत नींव : रीती

## जनपद स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में स्व-सहायता समूहों ने दिखाया हुनर

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 जून। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद पंचायत सीधी के सभागार में रसोइया सह-सहायक व्यवसायिक प्रशिक्षण एवं जनपद स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।**



प्रतियोगिता में 15 स्व-सहायता समूहों ने स्थानीय खाद्य सामग्री से पौष्टिक, स्वादिष्ट, स्वच्छ एवं बच्चों की रुचि के अनुरूप विविध व्यंजन तैयार कर अपनी पाक-कला और नवाचार का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप आयोजित यह पहल केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और समग्र विकास से जुड़ा जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में परोसा जाने वाला मध्यान्ह भोजन बच्चों के भविष्य की नींव मजबूत करता है। उन्होंने सामग्री से स्वच्छता, गुणवत्ता और संतुलित पोषण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ बच्चे ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला हैं। डिप्टी कलेक्टर प्रिया पाठक ने कहा कि संतुलित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप पौष्टिक भोजन तैयार करने तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पोषक खाद्य सामग्री के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया। प्रतियोगिता में व्यंजनों का मूल्यांकन स्वाद, पोषण गुणवत्ता, स्वच्छता, प्रस्तुतीकरण एवं नवाचार के आधार पर किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्राथमिक शाला मिसिरगवां की महिला प्रगति स्व-सहायता समूह को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 5 हजार रुपये प्रदान किए गए।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 जून। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा सीधी की बैठक अध्यक्ष देवीचरण शर्मा की अध्यक्षता में दुर्गा मंदिर प्रांगण सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 2 में आयोजित हुई।**



प्रांतीय निकाय से जारी परिपत्र एवं ज्ञापन पत्र के अनुसार 6 सूत्रीय ज्ञापन पत्र पर उपस्थित पेंशनर्स को जानकारी दी जाकर यह अवगत कराया गया कि 10 अप्रैल को तहसील मुख्यालय पर उपस्थित तहसीलदार अथवा अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाकर इसकी जानकारी जिलाध्यक्ष को एवं प्रांताध्यक्ष भोपाल की ओर भेजी जा चुकी है। अगले चरण में 30.06.2026 को जिला मुख्यालय पर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जावेगा। इस संबंध में सभी पेंशनर्स को अवगत कराया गया कि 30 जून को बीथिका भवन प्रांगण में सुबह 11 बजे उपस्थित होने का कष्ट करें। सभी तहसील अध्यक्षों के अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर्स को मुख्यालय में लेकर आयें। आज की बैठक में विश्वनाथ सिंह चौहान, योगेन्द्र सिंह बाघेल, एस.पी.द्विवेदी, प्रभात कुमार शुक्ला, रामसुन्दर शुक्ला, संतोष कुमार श्रीवास्तव, एल.पी.भट्ट, नाथू राम साकेत आदि पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# जमीन खरीदी घोटाले पर मुख्यमंत्री अपनी चुप्पी तोड़ें : अजय

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 जून। नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और उनके परिवार से जुड़ी भूमि खरीदी को योजनाबद्ध तरीके से षड्यंत्रपूर्वक किया गया घोटाला बताया है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्रीय समाचार पत्र में प्रकाशित दस्तावेजों के साथ उजागर किए गए तथ्य बेहद गंभीर हैं। पारदर्शिता के लिहाज से इस पर मुख्यमंत्री की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है।**



अजय सिंह ने कहा कि रिपोर्ट के मुताबिक साल 2021 में डॉ.मोहन यादव के मंत्री बनने के बाद से उनके परिवार द्वारा उज्जैन में लगभग 253 एकड़ जमीन खरीदी गई। गंभीर सवाल यह है कि ये जमीनें ठीक उन्हीं क्षेत्रों में या उनके आसपास क्यों हैं जहां उज्जैन मास्टर प्लान लागू होने वाला है। इसके तहत करोड़ों रुपये के सरकारी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स और नई सड़कें प्रस्तावित हैं। क्या मुख्यमंत्री के परिजनों को इन परियोजनाओं की जानकारी पहले से थी। एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र ने म.प्र. के लैंड रिकॉर्ड्स के आधार पर 245 प्लॉट्स और कुल 335 एकड़ की होल्डिंग्स का पूरा ब्योरा सार्वजनिक किया है। इसमें मुख्यमंत्री, उनकी पत्नी, बेटे, भाइयों और अन्य रिश्तेदारों के नाम शामिल हैं, इस पर मुख्यमंत्री का मौन रहना संशय को और बढ़ाता है। श्री सिंह ने कहा कि जो अकाट्य दस्तावेज सामने आए हैं, वे खारिज नहीं किए जा सकते। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री से अपेक्षा की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच करायें ताकि सच सामने आ सके। मुख्यमंत्री को इस संवेदनशील विषय पर रहस्यमयी चुप्पी तोड़नी चाहिए और जनता की अदालत में जवाब देना चाहिए।

# डॉ.शालिनी द्विवेदी ने प्राप्त की पीएचडी की उपाधि

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 जून। सीधी जिले के निवासी अरुण कुमार द्विवेदी एसडीओ आरईएस विभाग की सुपुत्री डॉ.शालिनी द्विवेदी ने फोरेंसिक साइंस विषय में अपनी पीएचडी गलगोटिया यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा से सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है।**



उनका शोध विषय- किशोर अपराध एवं हस्तलेखन विश्लेषण इस विषय के माध्यम से अपराधियों की प्रोफाइलिंग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। डॉ.शालिनी की इस उपलब्धि से परिवार, गुरुजन एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। उनकी सफलता उनके कठिन परिश्रम, लगन एवं समर्पण का परिणाम है। इस उपलब्धि पर उनके पति प्रशांत त्रिपाठी, पिता अरुण कुमार द्विवेदी, मां उर्मिला द्विवेदी, भाई दीप्तेंद्र द्विवेदी एवं बहन शैलजा तिवारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# डॉ.मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से कार्यकर्ता लें प्रेरणा : डॉ.मिश्रा

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 जून। एक राष्ट्र एक विधान एक प्रधान के सूत्र को चरितार्थ करने और देश की एकता-अखंडता के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को बलिदान दिवस पर स्थानीय भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।**



सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी करोड़ों करोड़ भारतीयों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। डॉ.मुखर्जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व से प्रत्येक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी और आम जनों को प्रेरणा लेनी चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉ.मुखर्जी के सपनों को पूर्ण कर रहे हैं। धारा 370 समाप्त कर प्रधानमंत्री ने डॉ.मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि व्यक्त की है। उनका त्याग और समर्पण भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए पाथेय है। श्रद्धांजलि सभा को भाजपा के संभागीय सह प्रशिक्षण प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष के.के.तिवारी और पूर्व जिला अध्यक्ष लालचंद गुप्ता ने भी संबोधित किया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, पूर्व नपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुन्नू, विश्व बंधुधर द्विवेदी, अशोक पटेल, अखिलेश पाण्डेय, शिवदान साकेत, उमाशंकर यादव, सूर्य प्रताप सिंहए सुरेंद्रमणि दुबे, जितेंद्र तिवारी, जगदंबा सोनी सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की।


# महिला सशक्त वाहिनी कक्षाएं कल से चलेंगी नियमित

**सीधी 23 जून।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि जिले की बालिकाओं एवं युवतियों को पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए संचालित की जा रही महिला सशक्त वाहिनी कक्षाओं का नियमित संचालन 25 जून से किया जाएगा। इसके लिए प्राचार्य सांदीपनि शास. कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय सीधी को अतिरिक्त कक्ष, ब्लैक बोर्ड, चाक, डस्टर एवं बैठक व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं 25 जून से पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कक्षाओं का संचालन प्रतिदिन प्रात: 8 से 10 बजे तक किया जाएगा, ताकि इच्छुक बालिकाएं एवं युवतियां पुलिस भर्ती की बेहतर तैयारी कर सकें।

# मोहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन से की गई व्यवस्थाओं की मांग

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 जून। मोहर्रम पर्व के अवसर पर जिले में निकलने वाले ताजिया जुलूस एवं धार्मिक कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला मुस्लिम पिछड़ा वर्ग विकास परिषद सीधी के अध्यक्ष रनशेर अली खान द्वारा नगर निरीक्षक थाना कोतवाली सीधी को आवेदन सौंपा गया है।**



चारों निशान पारंपरिक मार्ग से होते हुए जामा मस्जिद चौक पहुंचेंगे। जहां दुरूद, फातिहा एवं दुआखानी का कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद श्रद्धालु अपने-अपने घर लौट जाएंगे। इसके बाद 25 जून को कत्ल की रात के अवसर पर चारों ताजिए लालता चौक स्थित इमामबाड़ा में एकत्र होंगे। यहां से ढोल-ताशों, मरसिया एवं पारंपरिक लाठी-पटा प्रदर्शन के साथ जुलूस जामा मस्जिद चौक पहुंचेगा, जहां ताजिए रात्रि विश्राम करेंगे। 26 जून को सुबह से दुरूद-फातिहा, सिन्नी वितरण एवं लंगर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रात्रि में चारों ताजिए निर्धारित मार्ग से होते हुए पुन: इमामबाड़ा पहुंचेंगे। धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात ताजियों की रुखसती की जाएगी तथा कुछ श्रद्धालु करबला जाकर फातिहा अदा करेंगे। आयोजकों ने प्रशासन से जुलूस मार्ग पर पुलिस सुरक्षा, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई तथा चूने की पट्टी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है ताकि मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। उक्त कार्यक्रम में ताजियादार के रूप में निजामुद्दीन शाह, इमरान अली, कमरुद्दीन एवं अनबर अली शामिल रहेंगे।

## एक नजर में

### सीईओ ने जनसुनवाई में सुनी 355 समस्याएं



**सीधी।** जिला पंचायत सीधी के सीईओ शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 355 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीईओ ने कहा कि जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है इसलिए अधिकारी संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ प्रकरणों का निस्तारण करें। उन्होंने आवेदकों को उनके प्रकरण की प्रगति से समय पर अवगत कराने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर एसीईओ धनंजय मिश्रा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिला को बेघर कर रहीं सास-नन्द

**सीधी।** सास-नन्द की साजिश से एक महिला अपने दो बच्चों के साथ बेघर होने की कगार पर पहुंच चुकी है। विडंबना यह है कि चार वर्षों से जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की दर पर आवेदन देकर न्याय की गुहार लगा रही महिला आज भी मदद के लिए पूरी तरह से मोहताज है। यह मामला जमोड़ी थाना अंतर्गत पनवार चौहानन टोला निवासी पुष्पा शुक्ला पति राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला उम्र 35 वर्ष का सामने आया है। पीड़िता पुष्पा शुक्ला ने बताया कि उनकी शादी वर्ष 2005 में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी। पति राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला मानसिक रूप से ठीक नहीं हैं। इसका फायदा उठाते हुए सास रामप्यारी शुक्ला द्वारा अपनी छोटी बेटी सुजाता शुक्ला के साथ मिलकर पुस्तैनी भूमियों को चोरी छिपे बिक्री कर दिया गया। आज हालात यह है कि भूमि के नाम पर एक एकड़ से भी कम भूमि बची है। इस पर भी इनकी निगाहें लगी हुई हैं। सास रामप्यारी शुक्ला गृह ग्राम से 2 किलोमीटर दूर नकटा नाला के समीप दो मंजिला पक्का मकान बनाकर अपनी बेटी सुजाता शुक्ला के साथ दूसरी भूमि की खरीदी कर रहती है। पीड़िता पुष्पा शुक्ला अपने पुस्तैनी मकान में ही रहती हैं। यहां से भी इनको भगाने के लिए तरह-तरह से सास एवं नन्द द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़िता ने शासन-प्रशासन से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।



# शिक्षकों को पॉक्सो एक्ट एवं बाल संरक्षण की दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 जून। कलेक्टर विकास मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में बच्चों की सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागृति अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जा रहा है।**



इस अभियान के तहत 22 से 25 जून तक जिले के विभिन्न संकुलों एवं विद्यालयों में पॉक्सो एक्ट, बाल संरक्षण तथा शासन द्वारा संचालित हेल्पलाइन सेवाओं पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रवेश मिश्रा ने बताया कि जिला स्तर पर यूनीसेफ के रिसोर्स पर्सन द्वारा स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जनजातीय कार्य तथा पुलिस विभाग के लगभग 200 शिक्षकों, पर्यवेक्षकों एवं पुलिस अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। यही प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स अब संकुल स्तर पर शिक्षकों, कर्मचारियों तथा सेक्टर स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। प्रशिक्षण में पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अनिवार्य रिपोर्टिंग, पीड़ित प्रतिकर योजना, परामर्श सेवाओं, सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श की पहचान, बच्चों के व्यवहार में होने वाले बदलावों पर संवेदनशील निगरानी तथा बच्चों के साथ विश्वासपूर्ण संवाद स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जा रही है। प्रतिभागियों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पॉक्सो ई-बॉक्स के उपयोग की जानकारी भी दी जा रही है।

# डिप्टी कलेक्टरों के कार्य का हुआ विभाजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 जून। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विकास मिश्रा ने प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से जिले में पदस्थ डिप्टी कलेक्टरों के कार्य विभाजन में आंशिक संशोधन करते हुए नवीन आदेश जारी किए हैं। यह संशोधन एसडीएम सिहावल राजेश कुमार शुक्ला के अपर कलेक्टर नर्मदापुरम स्थानांतरण के परिप्रेक्ष्य में किया गया है।**

जारी आदेश के अनुसार डिप्टी कलेक्टर प्रिया पाठक को उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास का दायित्व सौंपा गया है। प्रभारी डिप्टी कलेक्टर राकेश शुक्ला को उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं उपखण्ड अधिकारी सिहावल का प्रभार दिया गया है, जबकि प्रभारी तहसीलदार मीनाक्षी जायसवाल को नजूल शाखा सहित जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन, जन शिकायत एवं अन्य महत्वपूर्ण शाखाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश में प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन के लिए राकेश शुक्ला एवं प्रिया पाठक को एक-दूसरे का लिंक ऑफिसर तथा मीनाक्षी जायसवाल के लिए प्रिया पाठक को लिंक ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उद्योग स्थापित कर सृजित किए जा सकते हैं स्वरोजगार के नए अवसर : डॉ.राजेश

## एमएसएमई मंत्रालय की रैम्प योजना अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 जून। एमएसएमई मंत्रालयए भारत सरकार की रैम्प योजना के अंतर्गत जिला सीधी में दो दिवसीय कम्पोजिट कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला के प्रथम दिवस में विभिन्न तकनीकी एवं जागरूकता सत्रों का आयोजन किया गया।**

जिनमें एमपी एमएसएमई डेवलपमेंट पॉलिसी 2025, स्टार्टअप पॉलिसी 2025, लैंड अलॉटमेंट पॉलिसी, फाइनेंशियल अवेयरनेस, एसएचजी फॉर्मलाइजेशन टू एमएसएमई, जेड (जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट) सर्टिफिकेशन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इन सत्रों के माध्यम से एमएसएमई उद्यमियों, स्टार्टअप्स, स्वयं सहायता समूहों एवं इच्छुक उद्यमियों के बीच उद्यमिता विकास, सरकारी योजनाओं एवं व्यवसाय विस्तार के अवसरों के संबंध में व्यापक जागरूकता उत्पन्न की गई। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने भी कार्यक्रम में अपना अमूल्य समय प्रदान किया। उन्होंने अपने संबोधन में जिले में खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) क्षेत्र की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कृषि उत्पादों जैसे अचार, कटहल आधारित उत्पाद, आलू के चिप्स एवं अन्य मूल्य संवर्धित खाद्य उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में लघु एवं सूक्ष्म उद्योग स्थापित कर युवाओं एवं महिलाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं।




कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों, उद्यमियों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से विभिन्न सत्रों की उपयोगिता एवं उनसे प्राप्त होने वाले लाभों के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने प्रतिभागियों को उद्यम स्थापना, बैंक एवं ऋण सहायता, विपणन उपलब्धता, व्यवसाय विस्तार तथा अन्य उद्यमिता संबंधी विषयों पर अपनी जिज्ञासाओं एवं समस्याओं को खुलकर रखने के लिए प्रेरित किया।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता : पूनम

पार्षद नगर पालिका परिषद सीधी श्रीमती पूनम सोनी ने महिला उद्यमिता एवं महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, स्वरोजगार अपनाने एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया।

### निर्माण इकाइयों एवं सूक्ष्य उद्योगों से प्राप्त हो रहा रोजगार : प्रदीप

उद्योग एवं सहकारिता विभाग के सभापति जिला पंचायत सीधी प्रदीप शुक्ला ने जिले में संचालित विभिन्न सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की सफलता की कहानियों को साझा किया। उन्होंने बताया कि जिले में डेयरी उद्योग, राइस मिल, आटा चक्की, ईंट निर्माण इकाइयों एवं अन्य सूक्ष्म उद्यमों के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। उन्होंने विशेष रूप से श्रीमती सावित्री जी का उदाहरण प्रस्तुत कियाए जिन्होंने बैंक ऋण प्राप्त कर जेसीबी मशीन क्रय की तथा इसके माध्यम से स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर रोजगार के अवसर सृजित किए।